**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 14 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

**1. केंद्र सरकार का 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने पलवल में बुद्धिजीवी समाज से संवाद किया और कांग्रेस द्वारा SIR (एस. आई. आर.) पर सवाल उठाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।**

**2. केंद्रीय सहकारिता राजयमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने फरीदाबाद में 148 लाभार्थियों को 100-100 गज के भू-खंडों की रजिस्ट्री प्रदान की।**

**3. रेवाड़ी में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सम्मलेन का आयोजन, श्री सतीश पूनिया कहा कि मोदी सरकार ने युवा, महिला, गरीब, किसानों सहित हर वर्ग के लिए काम किया।**

**4. आज विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गए, जींद में मातृशक्ति ने रक्तदान शिविर आयोजित किये।**

**5. हरियाणा पुलिस में कार्यरत फरीदाबाद निवासी डॉ अशोक कुमार वर्मा पुलिस बलों में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले कर्मियों में शामिल हुए।**

==============================

केंद्र सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी सुरेंद्र नागर व हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल स्थित महर्षि दयानंद चौक) पर जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ किया। इसके उपरांत श्री सुरेन्द्र नागर ने पंजाबी धर्मशाला में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। इस उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है और बुद्धिजीवी वर्ग से संवाद किया जा रहा है।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हारने के बाद चुनाव आयोग और ईवीएम पर आरोप लगाना शुरू कर देती है लेकिन जिन राज्यों में जीत के बाद सरकार बना लेती है वहाँ चुनाव आयोग व ईवीएम की बात नहीं करती। कांग्रेस द्वारा एफआईआर पर प्रश्न उठाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है जिसे संविधान द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रहा है। सम्मेलन में शामिल हुए होडल से विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि बुद्धिजीवी सम्मेलन में मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है।

==================================

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज फरीदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान गांव फतेहपुर बिल्लोच के 148 पात्र लाभार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा आवंटित 100-100 गज के भू-खण्डों की रजिस्ट्री वितरित की। इस अवसर पर श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक नागरिक सम्मानजनक जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि भू-खण्ड की रजिस्ट्री केवल कागजी दस्तावेज नहीं, बल्कि लाभार्थियों के सुरक्षित और बेहतर भविष्य की आधारशिला है। इससे परिवारों को सामाजिक और आर्थिक मजबूती मिलेगी तथा वे अपने स्वयं के घर का सपना साकार कर सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में करोड़ों परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

==============================================

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज रेवाड़ी के एक स्कूल में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के प्रभारी एवं राजस्थान से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य सतीश पूनिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए श्री पूनिया ने एसआईआर की सराहना की। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य वास्तविक मतदाता के साथ-साथ भारतीय नागरिक की भी पहचान करना है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर के बाद से ही घुसपैठिये देश छोड़ कर जा रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना का ही परिणाम है कि कांग्रेस राज में देश में दो ही एम्स थे, लेकिन गत 12 वर्ष में 15 एम्स तैयार किए गए है। इन्हीं में से रेवाड़ी जिले के माजरा गांव में बनने वाला एम्स भी है। इस एम्स से न केवल रेवाड़ी बल्कि पूरे हरियाणा, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता अभियान, एक पेड मां के नाम, बुद्धिजीवी सम्मेलन, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना सहित अन्य कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। मोदी सरकार ने युवा, महिला, गरीब और किसानों के लिए कार्य किया है।

==============================================

आज विश्व रक्तदाता दिवस पर हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गए। जींद जिले में भी में विभिन्न स्थानों पर अनेक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जीन में देवी शक्ति सेंटर इकाई द्वारा मातृशक्ति के सहयोग से एक विशेष रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अनुराधा सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मीडिया से में नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अनुराधा सैनी ने आयोजकों और रक्तदाताओं की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में रक्तदान के पुनीत कार्य सहित हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हरियाणा की पावन धरा से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का जो ऐतिहासिक आह्वान किया था, आज उसी का सुखद परिणाम है कि बेटियां खुद जिम्मेदारियां संभालकर दूसरों की जिंदगियां बचा रही हैं।" इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश संगठन में डॉ. अर्चना गुप्ता को जिम्मेदारी दिए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रदेश की महिलाओं में एक नई हिम्मत और ऊर्जा का संचार हुआ है।

==============================================================

आज विश्व रक्तदाता दिवस पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा नागरिक अस्पताल हिसार के चिकित्सक दल के सहयोग से हिसार मिलिट्री स्टेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में भारतीय सेना के जवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया। नागरिक अस्पताल में रक्त बैंक प्रभारी व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील गर्ग ने बताया -

डॉक्टर सुशील गर्ग ने आमजन से नियमित रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्त देने के पांच बड़े फायदे हैं। एक तो रक्तदाता की मेडिकल जांच होती रहती है। काला पीलिया,एचआईवी,मलेरिया,सिफलिस जैसी बीमारियों की जांच हो जाती है।उच्च रक्तचाप का पता चल जाता है।रक्तदान करने से नई लाल रक्त कोशिकाएं बनती हैं।यह बहुत अच्छा लिवर टॉनिक भी है जो कोलेस्ट्रॉल को भी कम करता है।

==========================================================

अम्बाला में जिला में रैड क्रास सोसाइटी द्वारा उपायुक्त एवं अध्यक्ष अजय सिंह तोमर एवं सचिव विजय लक्ष्मी के मार्गदर्शन में अम्बाला शहर के रैड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी ने किया । शिविर में स्टार रक्तदाता रजिन्दर गर्ग, ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। डॉ नीतू सचदेवा की अगुवाई में अम्बाला छावनी नागरिक अस्पताल की रक्त बैंक की टीम ने 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया । सभी रक्तदाताओं को बैच, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

===============================================================

हरियाणा पुलिस में कार्यरत फरीदाबाद के सेक्टर-8 निवासी डॉ अशोक कुमार वर्मा देश के पुलिस बलों में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले कर्मियों में शामिल हो गए हैं। वह अब तक 183 बार रक्तदान, 89 बार प्लेटलेट्स दान और एक बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। आज विश्व रक्तदाता दिवस पर डॉ वर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि उनकी रक्तदान यात्रा वर्ष 1990 में एनसीसी कैडेट के रूप में शुरू हुई थी। पुत्र के जन्म के समय रक्त की आवश्यकता ने उन्हें इस महादान के महत्व का एहसास कराया, जिसके बाद उन्होंने जीवनभर रक्तदान करने का संकल्प लिया। उनके नेतृत्व में अब तक 590 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनसे 21,076 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ । इसके अलावा उन्होंने 80 हज़ार से अधिक जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग किया है।

======================================================